एक नजर

जुआरी और सटोरिए पकड़ाए

इंदौर। सहयोग नगर में जुआ खेलते हुए आरोपी युसूफ, रईश, सद्दाम, सोनू खान, शकील , साजिद को गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से 1900 रुपए और ताशपत्ते जब्त किए। देपालपुर के ग्राम बनेडिया में जुआ खेलते हुए मुकेश रामबोई, तेजु, मुकेश, दिलीप को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से नकदी और ताशपत्ते बरामद किए। इसी प्रकार पुराना आरटीओ विजय नगर में जुआ खेलते हुए लक्ष्मीनारायण, शिवप्रकाश को गिरफ्तार किया। परदेशीपुरा स्थित एनटीसी कलाली के पास सट्टा खाते हुए राजकुमार यादव और फिरौज को गिरफ्तार किया।

शराबी ने पत्नी को पीट डाला

इंदौर। शादी के कुछ दिन बाद ही पति ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि बिल्सी कारखाने के पीछे लीला थापा की शिकायत पर पति सौरभ जैन के खिलाफ केस दर्ज किया। युवती ने बताया कि उसने सौरभ जैन से लव मैरिज की थी।शादी के कुछ दिन तक उसने ठीक ठाक रखा और फिर आए दिन शराब पीकर मारपीट करने लगा।

बस के ब्रेक लगाने से राहगीर पर गिरा पार्सल

इंदौर। खालसा कालेज के सामने बस ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे मार्निंग वाक पर निकले विष्णुप्रसाद गुप्ता के ऊपर सामान गिर गया। चोइथराम सब्जीमंडी के पास ट्रक चालक ने अनिल कुमार को टक्कर मारकर घायल किया।नवलखा स्थित फोरेस्ट आफिस के सामने बस चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए देवेन्द्र पिता दतु निवासी देवगुराडिया को टक्कर मारकर घायल किया। वहीं लापरवाह कार चालकों के कारण भी कई लोग घायल हो गए। अपोलो टावर एमजी रोड पर कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए बबीता सिंघल निवासी ओल्ड पलासिया को टक्कर मारकर घायल किया। वहीं पीएससी ऑफिस चौराहे पर कार चालक ने बाइक पर जा रहे बालकृष्ण पिता रामचरण पटेल निवासी मूसाखेड़ी को टक्कर मारकर घायल किया।

पोहा लेने निकले नाबालिग सहित तीन लापता

इंदौर। पिपल्याहाना से बालक पास में पोहा लेने गया था, जो वापस नहीं लौटा। इसी प्रकार दो अन्य नाबालिग भी लापता हो गए। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक पिपल्याहाना रायल एजेंसी में रहने वाले विश्वराज सौलंकी ने पुलिस को बताया कि उसका 11 वर्षीय भांजा टेकचंद पिता रोडजी पोहा लेने का बोलकर घर से गया था, जो वापस नहीं लौटा। संभवतः उसे अज्ञात बदमाश बहलापुसलाकर ले गया। वहीं बाम्बे अस्पताल सर्विस रोड से नाबालिग लड़की लापता हो गई। लसूडिया पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं राजीव नगर बड़ला से नाबालिग लड़की को अज्ञात बदमाश ले गया।

हथियार लेकर घूमते पकड़ाए बदमाश

इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने राजीव गांधी चौराहे से अंकित पिता रतनसिंह निवासी पिपल्याराव को छुरा लेकर घुमते हुए गिरफ्तार किया। उधर देवगुराडिया स्थित चौराहे पर नितेश पिता रमेशचंद्र को चाकू के साथ पकड़ा। इसी प्रकार नलिया रोड स्थित मां शारदा मंदिर के पास तलवार लेकर घूम रहे भीम कुमार धुर्वे निवासी सरवटे बस स्टेण्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मूसाखेड़ी स्थित टेम्पो स्टेण्ड के पास चाकू लेकर घूम रहे सुखलाल पिता मोहरसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

महाजन रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

इंदौर। मध्यप्रदेश सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश द्वारा श्री शैलेन्द्र महाजन उप अंकेक्षक सहकारिता, जिला इंदौर को विकल्प गृह निर्माण सहकारी संस्थान मर्यादित, इंदौर मध्यप्रदेश के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसमें संस्था की उपविधि के अनुसार संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन होना है, जिसके तहत संस्था के सदस्यों द्वारा नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की तिथि 16 जनवरी,2019, नाम निर्देशन पत्रों की जांच की 18 जनवरी, 2019 एवं नाम निर्देशन पत्रों की वापसी की 19 जनवरी, 2019 उक्त अंकित दिनाकों के लिये नियत समय प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रशासकीय संकुल, कक्ष क्रमांक 302 सेटेलाइट भवन, कलेक्टोरेट परिसर इंदौर में है।

चम्पू पर धोखाधड़ी का केस

सात प्लाट के पैसे लेने के बाद दूसरों को करा दी रजिस्ट्री

इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने भू-माफिया चम्पू अजमेरा के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है, जिसमें 7 प्लाट का पैसा लेने के बाद उन्हें अन्य लोगों को बेच दिया और उसकी रजिस्ट्री भी करा डाली। पुलिस ने इस मामले में चम्पू अजमेरा और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार जनता कालोनी बड़ा गणपति में रहने वाले मनोज पिता बाबूलाल दुबे ने केलोद हाला स्थित फोनेक्स टाऊनशिप में 7 प्लाट बुक किए थे और उसके बदले पैसा भी दे दिया गया था, इसके बाद भी भू-माफिया रितेश अजमेरा उर्पस चम्पू पिता पवन कुमार अजमेरा निवासी पालीवाल नगर अ ?ौर रजत पिता बाबूलाल बोराज निवासी आर्बिट माल ने उक्त प्लाट अन्य लोगों को बेचकर उनकी रजिस्ट्री करवा दी। फरियादी द्वारा दिए गए आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया।

अमानत में खयानत

ट्रेवल्स संचालक को बताए बगैर उसके दो साथियों ने उसकी 19 कारों को अवैध रुप से किराए पर चलाया और सवा लाख रुपए की अमानत में खयानत कर डाली। जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि श्रीनाथ एक्जोटिका जेल रोड पर रहने वाले अंकित पिता रमाकांत शर्मा का स्नेह नगर में ट्रेवल्स का कारोबार है, जहां अधिग्रहण की गई 19 कारों को आरोपी संजय कालरा पिता अशोक कुमार निवासी सुदामा नगर और अरविंद पिता श्रीराम बेहरिया निवासी इटारसी होशंगाबाद में कारों को किराए पर चलाया और 1 लाख 21 हजार 950 रुपए की राशि हजम कर अमानत में खयानत कर डाली।

रतीय जनता युवा मोर्चा
इन्दौर महानगर

इंदौर। भाजयुमो कार्यकर्ता बेण्ड बाजा के साथ पहुंचे फिल्म द एक्सीडेन्टल प्राइम मिनिस्टर देखने। कार्यकताओं के लिये पूरा शो बुक कराया गया था जहां सिनेमाघर में गाया वन्दे मातरम गाया गया ।

युवती के घर में पत्थर फेंककर नशेड़ी फैला रहा था दहशत

इंदौर। वीकेयर फोर यू की टीम ने एक मनचले को पकड़ा जो युवती के साथ छेड़छाड़ कर उसके घर पर पत्थर फेंक रहा था। व्ही केयर फार यू कार्यालय जिला इंदौर में थाना पलासिया क्षेत्रांतर्गत रहने वाली आवेदिका दिशा (परिवर्तित नाम) द्वारा शिकायत की गई थी कि उसका परिचित युवक अभिनंदन नागवंशी, आवेदिका के फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसे डरा धमका रहा है तथा आवेदिका व उसके परिवारजनो को कॉल कर गाली गलौच भी कर रहा है और घर पर पत्थर भी फेंकता है।

वी केयर फॉर यू टीम द्वारा जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आवेदिका तथा आरोपी दोनों पूर्व से ही परिचित हैं तथा दोनों पूर्व में एक ही स्कूल में साथ पढ़ते थे, इसी दरमियान दोनों के बीच परस्पर बातचीत होती रहती थी बाद उन दोनों के बीच घनिष्ठता बड़ती गई और दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गयी थी, जोकि तत्समय लगभग 03 वर्षों तक एक दूसरे से बहुत ज्यादा जुड़े रहे। शादी के कुछ समय बाद आवेदिका तथा उसके पति के बीच मनमुटाव के चलते आवेदिका अपने माता पिता के घर पर रहने, मायके वापस आ गई जहां आवेदिका का संपर्क पुनः अनावेदक अभिनंदन से हुआ वह आवेदिका से बात करने व उससे जुड़े रहने के लिये आवेदिका को अलग अलग नंबरो से कॉल कर परेशान करने लगा। आवेदिका से बात करने के लिये वह उसके परिजनों के मोबाईल नंबर पर भी कॉल कर परेशान कर रहा था तथा आवेदिका के घर के बाहर जाकर नशे में धुत होकर गाली गलौच कर, हंगामा करता है।

टॉमी मारकर युवक का सिर फोड़ा

इंदौर। पलासिया थानांर्गत आनंद बजार में मामूली विवाद को लेकर आरोपी ने एक युवक के सिर में टामी मार दी, जिससे खून बहने लगा। पलासिया पुलिस ने बताया कि आरोपी आशिक खान ने आनंद बाजार में विवाद के चलते रोहित पंडित निवासी क्लर्वस कालोनी को गालियां देते हुए उसके सिर में टामी सेहमला कर दिया। वहीं सोमनाथ की जूनी चाल में विवाद के चलते आरोपी मीठा, अरमान और शंकर ने मिलकर लाला की बगीचा में रहने वाले दिनेशपिता आनंद सिरोसिया के साथ मारपीट की। वहीं न्यू देवास रोड पर गाड़ी के पास खड़े रहने को लेकर विवाद हुआ, जिसमें शुभम वर्मा, हनी शर्मा ने संदीप पिता मोहनलाल के साथ मारपीट की।

ताला तोड़कर 72 हजार ले भागे

इंदौर। चोरों ने सूने मकानों पर धावा बोलकर हजारों रुपए का माल उड़ा लिया। मोतीतबेला में रहने वाले निशार एहमद के अज्ञात बदमाशों ने कमरे का ताला तोड़ा और यहां से 72 हजार रुपए चुराकर फरार हो गया। फरियादी ने पुलिस में शिकायत की। इसी प्रकार एरोड्रम थाना अंतर्गत श्री ओमविहार कालोनी में रहने वाली दीपंकर के घर चोरों ने धावा बोला और अलमारी से सोने-चांदी के जेवर , चांदी के सिक्के, वीडियो वैसमरा और नकदी लेकर भाग निकले। इसी तरह सुदामा नगर में रहने वाली श्वेता हरकावत के घर चोरों ने धावा बोला और नकदी जेवर लेकर फरार हो गए। उधर, गोटू महाराज की चाल में रहने वाले सोनू पिता फतेह बहादुर यादव के घर चोरी करने की नियत से एक बदमाश घुस गया और सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

नौकरानी कर गई घर साफ

एक महिला ने घर में काम करने के लिए नौकरानी को रखा था, लेकिन उसने घर में ही हाथ साफ करना शुरू कर दिया और पैसे के साथ साथ घर से अन्य सामान भी चुराकर ले गई। एमआईजी पुलिस ने बताया कि नेहरु नगर में रहने वाली खुशबू मोहनवानी ने अपने घर पर काम करने के लिए लक्ष्मी निवासी बेरवा धर्मशाला को काम पर रखा था, जिसने घर से हजारों का माल चुराया।

सुट्टा बार में मचाई तोडफोड़

इंदौर। 56 दुकान के पास चाय सुट्टा बार में आने से रोकने पर दो आरोपियों ने यहां जमकर मारपीट की और तोडफोड़ भी मचाई। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। तुकोगंज पुलिस के अनुसार मुजफ्फर अंसारी निवासी मैजिस्टिक नगर खजराना अपने दोस्त आशुतोष के कैफे चायसुट्टा बार 56 दुकान पर बैठा था, तभी मोनू यादव और शाहरुख पावरी निवासी छावनी व उनके दोस्त कहीं से जन्मदिन मनाकर वैसपेस के अंदर घुसने लगे, जब उन्हें आशुतोष ने अंदर आने से मना किया तो उन्होंने गालियां दी और मारपीट शुरू कर दी। मुजफ्फर अंसारी के सिर में लोहे की राड मार दी और मोबाइल भी तोड़ डाला।

कार्यकार्ताओं को आगे लाने के लिए प्रार्थना सभा

इंदौर। जमीनी कार्यकर्ताओं क आगे लाओ कांग्रेस जिताओं समिति इंदौर द्वारा आईडीए, निगम मंडलों, शासन की विभिन्न समिमियों में स्थान देने व एल्डरमेन बनाने की मांग को लेकर आज से चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया गया। पहले चरण में महात्मा गांधी के चरणों में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को आगे लाने की मांग की गई। प्रार्थाना सभा नेतृत्व जीतू दिवान, ध्यानसिंह चौहान ने किया।

अबैध रुप से बेच रहा था भांग

इंदौर। एमजीरोड पुलिस ने भांग बेचते हुए एक आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से लगभग 3 किलो भांग बरामद की। आरोपी का नाम कमल उर्पस कम्मू पिता मदनलाल यादव निवासी सुतारगली है। उसे पुलिस ने पुस्तकालय के पास से भांग बेचते हुए पकड़ा।

महिला ने बनाई युवक की फर्जी फेसबुक आईडी

रिश्तेदारों को किए मैसेज और कमेंट्स, खुद को बता रही फरियादी की पत्नी

इंदौर। एक महिला ने युवक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और युवक के रिश्तेदारों उससे मैसेज व कमेंट्स किए। वह अपने आपको युवक की पत्नी बता रही है। मामले में जब फरियादी ने राज्य सायबर सेल में शिकायत की तो सायबर सेल पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी जितेन्द्र सिंह राज्य सायबर ने बताया कि गत 25 जून को आवेदक कैलाश पिता डालचंद उपाध्याय नि. प्रजापत नगर द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर आवेदक के फोटो का प्रयोग कर परिचितों को कमेन्ट्स करना व मैसेज करने संबंधी शिकायत की थी। आवेदन के आधार पर पर राज्य सायबर सेल इंदौर की एसआई रीना चौहान द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान फेसबुक से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदिग्ध मोबाईल नम्बर धारक की पहचान कर अपराध क्र. 307/18 धारा 66सी, 67 आईटी एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर निरीक्षक राशिद अहमद द्वारा और विवेचना की जा रही है।

मंदिर में की थी शादी

अनुसंधान के दौरान जांच टीम ने आरोपिया अंजली (परिवर्तित नाम)को गिरफ्तार किया गया व आरोपिया से प्रकरण से संबंधित मोबाईल व सिम जब्त की गई है।आरोपिया ने पूछताछ में बताया कि फरियादी से उसने मंदिर में शादी की थी, जिससे उसे एक बच्चा भी है। किन्तु वर्तमान में फरियादी आरोपिया के साथ न रहकर अपनी पूर्व पत्नी के साथ रहने लग गया।

इसलिए बनाई फर्जी फेसबुक

वह अपने रिश्तेदारो के साथ क्या कर रहा है यह जानकारी प्राप्त करने के लिये फरियादी के नाम (कैलाश पालीवाल) से फर्जी फेसबुक आई.डी बना कर उसके रिश्तेदारो के साथ बातचीत की व उसके रिश्तेदारो के फोटो पर कमेण्ट्स भी किए। आरोपिया ने यह बताया कि फरियादी को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उसे वहाट्सअप पर अशलील मैसेज व फोटो भी भेजे।

इनका रहा योगदान

प्रकरण में आरोपिया की गिरफ्तारी में प्रमुख रूप से निरी. राशिद अहमद, उनि. रीना चौहान, पूजा मुवेल, आमोद सिंह राठौर, विनोद सिंह राठौर, एएसआई धीरज गौर, प्रधान आरक्षक मनोज राठौर, प्रभाकर महाजन, आरक्षक गजेन्द्र राठौर, विवेक मिश्रा, चालक दिनेश, महिला आर. अनुपमा डहरिया व दीपिका व्यास की भूमिका रही है।

सुलभ शौचालय में मिला भ्रूण

इंदौर। एक महिला नवजात का भ्रूण सुलभ शौचालय में फेंककर भाग गई, जब लोगों की नजर इस पर पड़ी तो पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस जांच कर रही है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने बताया कि चोइथराम नगर स्थित सुलभ शौचालय के पास नवजात शिशु का भ्रूण मिला। पुलिस अज्ञात महिला की तलाश कर रही है ।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मैं kirtesh jain (10 वीं की अंकसूची में नाम) ने अपना नाम परिवर्तन कर kirtish jain(आधार कार्ड में नाम) कर लिया है। मेरे दस्तावेजो में यही नाम है। अतः मुझे मेरे नए नाम से जाना व पहचाना जावें ।

कीर्तिश पुत्र भँवरलालजी जैन
महावीर मावा भंडार ,रोड़ नंबर 1
कालाखेत मंदसौर (एमपी)
पिन कोड - 458001

नाम परिवर्तन

सर्वविदित हो की पूर्व में मेरा नाम महेंद्र (MAHENDRA) था जो अब परिवर्तित होकर नया नाम महेंद्र जायसवाल (MAHENDRA JAISWAL) हो गया । अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

महेन्द्र जायसवाल
3230 सेक्टर E
सुदामा नगर , इन्दौर

RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 23 जनवरी, 2019 को आयोजित की जाएगी जिसमें 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किए जाऐंगे। यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.rajratan.co.in तथा साथ ही साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड
स्थान: इंदौर — शुभम जैन
दिनांक: 11.01.2019 — कंपनी सचिव

राजरतन ग्लोबल वायर लिमिटेड
रजिस्टर्ड ऑफिस: 11/2 मीरा पथ,
धेनु मार्केट, इंदौर (म.प्र.) 3,
फोन 0731-2546401,
वेबसाइट: www.rajratan.co.in
ई-मेल : investor.cell@rajratan.co.in
सीआईएन: L27106MP1988PLC004778

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd.Office: Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India
Admin. Office: 1st Floor, B 15, Pologround Indore- 452015 (M.P.)
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
Email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com
CIN : L28121MP1995PLC009170

NOTICE

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on Tuesday, 05th February, 2019, to consider, inter alia, the Unaudited Quarterly Financial Results of the Company for the quarter ended on 31st December, 2018. A copy of the said notice and unaudited Quarterly financial results shall also be available on Company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange's website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
Place: Indore (Holding DIN: 00055540)
Date: 11.01.2019 (Whole-Time Director)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमती आशा सोजातिया पति श्री अशोक सोजातिया MR-III/495 महालक्ष्मी नगर पर विकास योजना 2012 मे मिश्रीत उपयोग की कडिंका 6:10:04के बिन्दु क्र 05 मे अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रीत उपयोग हेतु 14 वर्ग मीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है उक्त सम्बंध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में भवन अधिकारी झोन क्र. 8 मे प्रस्तुत करे। समय अवधि पश्चात यह माना जावेगा किसी को कोई आपत्ति नही है तथा नगरनिगम द्वारा भवन अनुज्ञा जारी कर दी जायेगी

AR.श्रेयस धारकर
आर्किटेक्ट 108 ARCH

उभरते आधुनिक समाज पर दो दिवसीय कार्यशाला आज से

इन्दौर। क्रिश्चियन कॉलेज का समाजशा विभाग इंडियन सोशल साइंस एसोसिएशन (आईएसएसए) और मध्यांचल सोशियोलाजिकल सोसायटी (एमएमएस) के सहयोग से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने जा रहा है। जिसका विषय है उभरते आधुनिक समाज को पुर्नपरिभाषित करना। यह आयोजन 12-13 जनवरी 2019 को क्रिश्चियन कॉलेज के ब्रान्सन हाल में होगा।

यह जानकारी समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. यशपाल व्यास ने दी। उन्होंने बताया कि इस कान्फ्रेंस का शुभारंभ 12 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10.30 बजे दे.अ.वि.वि. के कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड़, पूर्व उच्चायुक्त एवं पूर्व कुलपति प्रो. आई.एस. चौहान तथा टोरंटो (कनाड़ा) विश्वविद्यालय के प्रो. जेराल्ड कपचिक के आतिथ्य में होगा। कॉन्फ्रेस में कोलकत्ता वि.वि. के प्रो. भुलाभद्रा, प्रो. राजीव गुप्ता जयपुर एवं वी.के. नागदा (रोहतक) के विशेष संबोधन होंगे। दोनो दिन करीब 250 आलेख पढ़े जाएंगे।

विधायकों के साथ बैठक करेंगे विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक

इंदौर। विद्युत कम्पनियों की योजनाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देने के लिये जिला मुख्यालय पर विधायकों के साथ विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालक बैठक करेंगे। अपर मुख्य सचिव आई.सी.पी. केशरी ने सभी प्रबंध संचालकों को 14 से 19 जनवरी के बीच बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।बैठक में विधायकों को राज्य में विद्युत वितरण कम्पनियों के नेटवर्क के साथ-साथ फ्यूज ऑफ कॉल, कॉल सेन्टर, ऑनलाईन भुगतान, कृषि पम्प योजना, ग्रामीण एवं शहरी परियोजना तथा अन्य योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

कार में ले जा रहे थे हजारों की शराब जब्त

इंदौर। पुलिस ने एक कार को रोककर उसमें से हजारों रुपए की शराब बरामद की। राजेन्द्र नगर पुलिस ने बताया कि चैविंसग के दौरान लालरंग की कार से 26 पेटी शराब बरामद की और करणसिंह एवं राहुल को गिरफ्तार किया। जबकि सतीश मालीवाड़ फरार हो गया।

इसी प्रकार स्कीम नं. 71 स्थित जिला पैसक्ट्री के सामने से 20 क्वार्टर शराब के साथ सत्तार शाह पिता कल्लू शाह को गिरफ्तर किया। उधर हातोद पुलिस ने ग्राम रोजड़ी से बाबूलाल पिता भागीरथ को चार लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। सिमरोल पुलिस ने ग्वालुझील के पास से शेखर पिता मोहन को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा।

सीएचएल की डाक्टर और नर्स ने ली मरीज की जान

गलत इंजेक्शन लगाने पर हुई थी मौत, जांच के बाद केस दर्ज

इंदौर। एक मरीज को उपचार के लिए सीएचएल अस्पताल में भर्ती किया गया था,जहां गलत इंजेक्शन देने पर उसकी मौत हो गई। जांच में पुलिस ने पाया कि डॉक्टर और नर्स की लापरवाही से उसकी जान गई है, इस पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। एमआईजी पुलिस ने बताया कि आदित्य पिता सुरेश जोशी को सीएचएल अस्पताल में 29.05.18 को भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान डॉ. नीता गांगूली व सिस्टर मैरी ने उसे गलत इंजेक्शन दे दिया। इसके बाद मरीज की तबियत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को की और जांच में दोनो की लापरवाही सामने आई।

कार्यालय नगर परिषद खिरकिया जिला-हरदा (मप्र)

क्र.17/लो.नि./न.पं./2019 — खिरकिया दि. 10/1/19

निविदा सूचना

समस्त पौधे विक्रेता/नर्सरी मालिकों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद खिरकिया को वृक्षारोपण कार्य हेतु नीचे दर्शाये अनुसार पौधे क्रय किया जाना है। इस हेतु इच्छुक पौधे विक्रेता/नर्सरी मालिक दिनांक 17/1/19 को टेंडर फार्म क्रय कर दिनांक 18/1/19 को दोपहर 3.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात आने वाली निविदा दरों पर विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.	सामग्री का नाम	साईज	मात्रा	धरोहर राशि	टेंडर फार्म शुल्क
1	मोगरा	8-10	आवश्यकतानुसार	3000	1000
2	गुलाब सभी प्रकार के	1-3			
3	नवरंग				
4	चमेली				
5	बादाम	8-10			
6	अशोक	8-10			
7	वाटर पाम	8-10			
8	चकरी	8-10			
9	करजी	8-10			
10	मोरछली	7-8			
11	कचनार	8-10			
12	सप्तपर्णी	4-6			
13	रातरानी	4-6			
14	बेगन बेल	4-6			
15	क्रिसमिस पौधा-2	4-6			

शर्ते-1 निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं शर्ते नगर परिषद कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमती यशोदा दुर्गादास पाटिल
अध्यक्ष
नगर परिषद खिरकिया

आत्माराम सांवरे
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खिरकिया